प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देते हुए 12 अत्याधुनिक नए थानों का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस बल को प्रथम चरण के तहत 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दो पहिया वाहन सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अपराध नियंत्रण और गश्ती और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

****

विधानसभा के बजट सत्र में आज एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग गूंजी। विधायक प्रदीप प्रसाद और सीपी सिंह ने यह मुद्दा उठाया।

सवालों का जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक्ट का मामला विचाराधीन है और सरकार वकीलों के कल्याण के लिए निरंतर कदम उठा रही है।

****

इससे पहले आज कथित महंगाई के खिलाफ सत्ता पक्ष का अनोखा विरोध दिखा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी खुद रिक्शा चलाकर विधानसभा पहुंचे, जिस पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सवार थीं। दोनों मंत्रियों ने बढ़ते ईंधन दामों और एलपीजी संकट पर केंद्र सरकार को घेरा और संदेश दिया कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। इस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में गैस की कोई कमी नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था की विफलता है, जिसे छिपाने के लिए हंगामा किया जा रहा है। विधायक सरयू राय ने भी इसे व्यवस्था से जुड़ा मामला बताते हुए अनावश्यक शोर–शराबे की आलोचना की।

****

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर आज रांची में फुल कोर्ट फेयरवेल रेफरेंस का आयोजन किया गया। 16 मार्च 1964 को जन्मे न्यायमूर्ति चौधरी ने 2021 में न्यायाधीश के रूप में पदभार संभाला था। विदाई समारोह में मुख्य न्यायाधीश और बार एसोसिएशन के सदस्यों ने उनके न्यायिक योगदान की सराहना की।

****

रांची में आज झारखंड इनकम टैक्स बार एसोसिएशन और चौंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में न्यू इनकम टैक्स एक्ट पर सेमिनार आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता सीए राजेश मेहता ने कहा कि नए कानून से जटिलताएं दूर होंगी और वैश्विक निवेश बढ़ेगा। चौंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने बताया कि स्टेकहोल्डर्स को संशोधनों के प्रति जागरूक करने के लिए यह पहल की गई है।

****

रांची स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर राजीव मनोहर ने आज लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार और शोध कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इससे पहले प्रोफेसर मनोहर ने नए कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया।

****

रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कल से 16 मार्च तक राज्यस्तरीय एग्रोटेक किसान मेला आयोजित होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे। समापन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी उपस्थित रहेंगे। मेले का मुख्य विषय टिकाऊ कृषि और तकनीकी नवाचार है। यहां 135 स्टालों के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक और कृषि परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

****